भर्ती हेतु सूचना

परामर्शदाता – स्वास्थ्य वित्तपोषण

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम निर्माण का भी दायित्व सौंपा गया है।

एनएचएसआरसी, पूर्णतः संविदा आधार पर परामर्शदाता– स्वास्थ्य वित्तपोषण के पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका एवं दायित्वः

- डेटा, हितधारकों को शामिल करने, क्षमता वर्धन करने और राज्य स्तर पर कार्यान्वयन सहयोग प्रदान करने, प्रशिक्षण मैनुअल इत्यादि पर काम करने के साथ–साथ भारत के राष्ट्रीय स्वास्थ्य विवरण की संस्थानीकरण प्रक्रिया में सहयोग करना।
- राज्य पीआईपी, संघ और राज्य सरकारों के स्वास्थ्य वित्तपोषण से संबंधित प्रस्तावों का मूल्यांकन। स्वास्थ्य वित्तपोषण से संबंधित नीतिगत नोट एवं प्रतिक्रियाएं तैयार करने में सहयोग करना।
- यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज, स्वास्थ्य सेवाओं की लागत का निर्धारण और यूएचसी की दिशा में प्रगति पर निगरानी रखने की विधियों से संबंधित सहयोगी कार्य करना।
- स्वास्थ्य वित्तपोषण नीति, बजट आवंटन, स्वास्थ्य सेवाओं पर राज्य और संघ द्वारा किए जाने वाले खर्च और परिवारों द्वारा अपनी जेब से खर्च के चलन के विश्लेषण और अनुसंधान को प्रकाशित करने की क्षमता।
- स्वास्थ्य कार्यक्रमों और प्रौद्योगिकियों की लागत प्रभाविता, सरकारी कार्यक्रमों की आवंटन कुशलता के अध्ययन करना।
- सार्वजनिक–निजी भागीदारी और स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रमों के मूल्यांकन और कार्यान्वयन का कार्य करना।
- जन स्वास्थ्य एवं वित्त विशेषज्ञ के रूप में विभिन्न हितधारकों को तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराना।
- सलाहकार– स्वास्थ्य वित्तपोषण और/या कार्यकारी निदेशक, एनएचएसआरसी द्वारा दिए गए कोई अन्य कार्य करना।

पात्रताः

- स्वास्थ्य प्रबंध या स्वास्थ्य वित्तपोषण में किसी योग्यता/एमबीए (वित्त) सहित चिकित्सा/दंत चिकित्सा/आयुष उपाधि या स्वास्थ्य वित्तपोषण एवं नीति में कार्य और संबंधित प्रकाशित आलेखों सहित, अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि धारक हो।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य ब्यौरों, लोक वित्त प्रबंध प्रणाली और यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज में कार्य करने का पूर्व अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।
- योग्यता उपरांत न्यूनतम 5 वर्षों का कार्य अनुभव।
- एमएस–वर्ड, एक्सेल, पावर पाइंट जैसे आम तौर पर प्रयोग किए जाने वाले पैकेजों की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में प्रवीणता। न्यूनतम एक सांख्यिकीय पेकेज, जैसे स्टाटा ओर एनएचए टूल की जानकारी अत्यंत वांछनीय है।
- उत्कृष्ट संप्रेषण एवं प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणातमक और अंतर्वैयक्तिक क्षमता, अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल। हिंदी भाषा का कार्यसाधक ज्ञान वांछनीय है।
- बहुआयामी टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित क्षमता।
- अतिशीघ्र कार्य संपन्न करने और दबाव में कार्य करने की योग्यता।
- केंद्र या राज्य स्तर पर वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ कार्य करने का अनुभव।
- उत्कृष्ट अभ्यर्थियों के लिए औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में ढील दी जा सकती है।

आयु सीमाः अधिकतम 50 वर्ष
कार्य स्थलः नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार यात्रा करने को इच्छुक
पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 40,000/– रु. से 90,000/– रु. के बीच
संविदा अवधि : दो वर्ष

***** संविदा 31 मार्च 2017 के उपरांत तभी वैध रहेगी, बशर्ते एनएचएसआरसी 31 मार्च 2017 से आगे जारी रहता है। यदि एनएचएसआरसी 31 मार्च 2017 से आगे जारी नहीं रहता है, तो संविदा को वापस ले लिया गया माना जाएगा।

टिप्पणी:

- जीवन-वृत्त दिनांक **23-Aug-2016** को **अपराहन 4:00 बजे** तक ई-मेल **rec.nhsrc.2016@gmail.com** पर अवश्य पहुंच जाना चाहिए।
- यह, समाचार पत्र विज्ञापन दिनांक **3 अगस्त 2016** में दी गई ऑनलाइन आवेदन की आवश्यकता को प्रतिस्थापित करता है।
- कृपया सबजेक्ट-लाईन में सटीक आवेदित पद का उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना जीवन-वृत्त स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग से टीओआर में उल्लिखित अनुसार विशेष ई-मेल पते पर जीवन-वृत्त भेजना होगा।
- अपने जीवन-वृत्त में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पिछले नियोजन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है, जिसके बिना जीवन-वृत्त स्वीकार नहीं किया जाएगा।